वीयू में विश्व ज़ूनोसेस दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

विश्व ज़ूनोसेस दिवस के अवसर पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी के मार्गदर्शन एवं पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशु पालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा के दिशा निर्देशन में महाविद्यालय के पशु चिकित्सा परिसर में विश्व ज़ूनोसेस दिवस के कार्यक्रम का आयोजन आज दिनांक 6 जुलाई 2024 को प्रातः 9:00 बजे से किया गया। इस अवसर पर स्वानो के लिए निशुल्क एंटीरैबीज टीकाकरण शिविर का भी आयोजन किया गया। विश्व ज़ूनोसिस दिवस एक ज़ूनोटिक बीमारी के खिलाफ पहले टीकाकरण की वर्षगाँठ का प्रतीक है। 6 जुलाई, 1885 को फ्राँसीसी वैज्ञानिक लुई पाश्चर ने ज़ूनोटिक रोग का पहला टीका सफलतापूर्वक लगाया। ज़ूनोटिक बीमारियों को समझने और बचाव की दिशा में यह महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। साथ ही इस बीमारी के बारे में लोगों तक जागरूकता फैलाने और जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व ज़ूनोसिस दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।



सर्वप्रथम माननीय अधिष्ठाता महोदय डॉ. आर.के. शर्मा जी के द्वारा पशु चिकित्सा परिसर में स्वान को प्रथम टीकाकरण कर प्रातः 09 बजे निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण का शुभारम्भ किया गया। इसके उपरांत पशु चिकित्सा परिसर में आये सभी स्वानो का प्राथमिक जाँच के उपरांत निःशुल्क टीकाकरण किया गया।

इस कार्यक्रम में डॉ देवेंद्र गुप्ता, डॉ रणबीर सिंह जाटव एवं डॉ अपूर्वा मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र डॉ आदित्य प्रताप, डॉ नितिन वैष्णव एवं डॉ चौतन्य वालिआ का विशेष योगदान रहा। निःशुल्क एंटीरैबीज टीके, रेवा फार्मेसी के श्री अखिलेश गुप्ता द्वारा उपलब्ध कराये गये।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर